पार्किंग ठेकेदार की 3 साल पहले ब्लैकलिस्ट हो चुकी फर्म महादेव एसोसिएट्स को किसने दिया था टैंडर?

क्योंकि इस फर्म को 3 अक्टूबर 2019 की घाटगेट पार्किंग के टैंडर की शर्तों की पालना न करने पर तत्कालीन राजस्व उपायुक्त ने दोषी मानते हुए जुलाई 2020 में ब्लैकलिस्ट कर दिया था

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। पार्किंग ठेकेदार भरत सिंह की फर्म महादेव एसोसिएट्स ने मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर की पार्किंग स्थल के टैंडर के नवीनीकरण का फर्जी आदेश तैयार कर हैरिटेज नगर निगम में हड़कंप मचा दिया, यह कारनामा सामने आने के बाद हैरिटेज निगम की राजस्व उपायुक्त दीपाली भागोतिया ने अशोक नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र भी लिखा है।

लेकिन ताज्जुब की बात तो यह है कि यह फर्म वर्ष 2019 में ही घाटगेट पार्किंग के टैंडर की शर्तों की पालना न करने पर जुलाई 2020 में ब्लैकलिस्टेड हो गई थी, तो आखिर किन अफसरों ने इस ठेकेदार पर मेहरबानी दिखाते हुए इसे वर्ष 2021 में दुबारा टैंडर दिया? दूसरी तरफ ठेकेदार भरत सिंह का कहना है कि उसकी फर्म कभी ब्लैकलिस्टेड हुई ही नहीं थी, न ही उसने इस बार कोई फर्जी कागजात हैरिटेज निगम में पेश किया है। उसे षड्यंत्र के तहत फंसाया जा रहा है, अशोक नगर थाने में भी अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

- **इसके बावजूद हैरिटेज निगम के अफसरों ने इस ठेकेदार पर मेहरबानी दिखाते हुए 24 मार्च 2021 से 22 मई 2022 तक के लिए मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर की पार्किंग का काम सौंप दिया था**
- **अब महादेव एसोसिएट्स ने इस पार्किंग ठेके के नवीनीकरण का फर्जी आदेश 13 अप्रैल 2022 को तैयार किया, यह कारनामा सामने आने के बाद राजस्व उपायुक्त दीपाली भागोतिया ने अशोक नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र लिखा**

सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार भरत सिंह ने 3 अक्टूबर 2019 को ई-नीलामी में घाटगेट पार्किंग स्थल की उच्चतम बोली लगाकर टैंडर उठाया था, लेकिन टैंडर की शर्तों की पालना न करने पर फर्म को नगर निगम के तत्कालीन राजस्व उपायुक्त ने 17 जुलाई 2020 को आदेश जारी कर ब्लैकलिस्टेड कर दिया था। साथ ही ग्रेटर व हैरिटेज नगर निगम के सभी टैंडरों और नीलामी में शामिल होने पर भी रोक भी लगाई थी।

इसके बावजूद हैरिटेज नगर निगम के राजस्व शाखा के अफसरों ने मेहरबानी दिखाते हुए इस फर्म को मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर का पार्किंग ठेका सौंप दिया। ठेकेदार ने 1 साल तक पार्किंग का काम किया, मई में काम पूरा होने से चंद दिन पहले ही महादेव एसोसिएट्स ने इस पार्किंग ठेके के नवीनीकरण का फर्जी आदेश 13 अप्रैल 2022 की तारीख के साथ तैयार कर लिया और राजस्व उपायुक्त के फर्जी हस्ताक्षर भी कर लिए। ये नकली कागजात नगर निगम के ऑफिस की फाइल तक में लगा दिए गए, लेकिन उपायुक्त राजस्व दीपाली भगोतिया ने इस फर्जी कागजातों को पहचान लिया और 3 जून को ठेका फर्म और प्रोपराइटर भरत सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के लिए अशोक नगर थाने में पत्र लिखा।

इस पूरे घटनाक्रम में अब हैरिटेज निगम के तत्कालीन राजस्व उपायुक्त और अन्य अफसरों की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं, जिन्होंने ब्लैकलिस्टेड फर्म महादेव एसोसिएट्स को टैंडर दिया था।

दूसरी तरफ ठेकेदार भरत सिंह खुद को क्लीनचिट देने में जुटा है। उनका कहना है कि फर्म को नगर निगम ने कभी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया। इस बार भी किसी अन्य व्यक्ति ने ही षड्यंत्र रचकर उन्हें फंसाने और छवि धूमिल करने की कोशिश की हैं। अशोक नगर थाने में अभी तक उनके खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं हैं।

कोर्ट स्टे के बावजूद निर्माण नगर में अवैध इमारत तैयार

जयपुर (कासं)। राजधानी के क्वींस रोड स्थित निर्माण नगर में कोर्ट स्टे के बावजूद अवैध इमारत तैयार हो गई, इसके बावजूद जेडीए के अधिकारी इस पर चुप्पी साधे बैठे है। दरअसल प्लॉट नं. सी-130ए की 153 वर्गगज जमीन पर भूखंड़ मालिक ने बिल्डिंग बॉयलॉज की धज्जियां उडाते हुए संपूर्ण सैटबैक कवर करते हुए बेसमेंट समेत चार मंजिला मकान तैयार कर लिया। स्थानीय निवासी विकास मदान की शिकायत पर जेडीए प्रशासन ने धारा 32-33 का नोटिस 15 मार्च को जारी किया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इस पर विकास मदान ने जेडीए अपीलीय अधिकरण में शिकायत की, जहां से 19 मई 2022 को किसी भी प्रकार के निर्माण पर रोक लगा दी गई। इसके बावजूद भूखंड मालिक इमारत के सामने ग्रीन पर्दा तानकर जेडीए के अधिकारियों से मिलीभगत कर चुपचाप अवैध निर्माण करने में जुटा है।

'अग्निपथ योजना से देश की सेना को कमजोर करने की साजिश, इसे हटाने को संघर्ष करेंगे'

जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

जयपुर, (कासं)। प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर केन्द्र सरकार की 'अग्निपथ' योजना और राहुल गांधी से ईडी और सीबीआई द्वारा पूछताछ के विरोध में कार्यकर्ताओं ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में सत्याग्रह धरना दिया। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र का सत्याग्रह धरना विधायक रफीक खान के नेतृत्व में 52 फीट हनुमान मंदिर के आगे आगरा रोड पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे चला। इसी तरह सिविल लाइंस क्षेत्र में मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में कार्यकर्ता जुटे और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

आदर्शनगर के धरने में स्थानीय पार्षदों से लेकर डीसीसी सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, विजयपुरा, बगराना व सुमेल तीनों पंचायतों के सरपंच और कार्यकर्ता जुटे। यहां विधायक रफीक खान ने कहा कि अग्निपथ योजना देश की सेना को कमजोर करने की साजिश है। 4 साल की नौकरी में दो साल की ट्रेनिंग 6 माह में कैसे दे पायेंगे। इससे सेना की ट्रेनिंग में गुणवत्ता नहीं रहेगी और भर्ती होने वालों में देश सेवा का जज्बा भी खत्म हो जायेगा। क्योंकि बार्डर पर लड़ने वाले इन अग्निवीरों को तो पेंशन भी नहीं मिलेगी। ये लोग चार वर्ष में रिटायर होने के बाद अपने परिवार का पालन-पोषण कैसे कर पायेंगे। 4 साल की नौकरी के बाद क्या ये अग्निवीर अडानी व अंबानी की कम्पनियों में चौकीदारी करेंगे। 17 साल की भर्ती के बाद 21 साल की उम्र में ही रिटायर होने पर बेरोजगार हो जायेंगे तथा उन्हें पेंशन तथा अन्य सुविधाएं भी नहीं मिलेगी।

प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर केन्द्र सरकार की 'अग्निपथ' योजना और राहुल गांधी से ईडी और सीबीआई द्वारा पूछताछ के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शहर में सत्याग्रह धरना दिया।

जयपुर लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व मेयर ज्योति खण्डेलवाल ने भी सत्याग्रह धरने को संबोधित किया। ज्योति खण्डेलवाल ने भाजपा के हिन्दुत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो हिन्दू धर्म का पालन करें, वहीं हिन्दू है। मोदी सरकार अग्निपथ योजना में 4 साल की नौकरी देकर बेरोजगार युवाओं पर कुठाराघात कर रही है। धरने को जुल्फीकार नसीराबादी, पीआरओ झालीवाल, पार्षद व सरपंच तथा दुर्गेश आभानेरी, दिनेश शर्मा, बंशीधर शर्मा ने संबोधित किया। दूसरी तरफ कांवटिया सर्किल पर जुटे कांग्रेसजनों को मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना में ना रेन्ट है, ना पेंशन है, सिर्फ पूरे देश में टेंशन है। हालात बहुत खराब हे, पूरे देश का नौजवान सड़कों पर है, देश के बड़े उद्योगपति अडानी को एयरपोर्ट 50 साल के लिये दिये जाते हैं, लोकसभा व विधानसभा के चुनाव पांच वर्ष के लिये होते हैं, सबको पेंशन मिलती है लेकिन युवाओं के साथ धोखा हो रहा है। सिर्फ चार वर्ष की नौकरी, भविष्य सुरक्षित नहीं, इससे देश व सेना कमजोरी होगी।

इसी प्रकार झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसजनों ने कृषि मंत्री लालचंद कटारिया के नेतृत्व में बिश्नावाला सिरसी रोड पर धरना दिया। युवाओं ने अग्निपथ वीर योजना वापस लेने के नारे लगाकर मोदी सरकार का विरोध जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने की। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि हर कीमत पर कांग्रेस पार्टी युवाओं के साथ है, भाजपा के इस षड्यंत्र के खिलाफ संघर्ष लंबा चलेगा, इसलिए सभी लोग तैयार रहे। धरने को पृथ्वीराज नगर जन अधिकार संघर्ष समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह एडवोकेट, अमर मंडावरा, कैप्टन अरविंद चौधरी, हनुमानसहाय रोलानिया, झोटवाड़ा प्रधान रामनारायण झाझडा, जोबनेर प्रधान शैतान मेहरड़ा ने संबोधित किया।

पिस्टल बेचने की फिराक में घूम रहा छात्र गिरफ्तार

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। रामनगरिया थाना पुलिस ने ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक छात्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पिस्टल बरामद की है।

थानाधिकारी राजेश शर्मा ने बताया गिरफ्तार आरोपित गौरव कुमार मीना (20) वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर का रहने वाला है, जोकि जगतपुरा में स्थित एक कॉलेज से बीए द्वितीय वर्ष की पढाई कर रहा है। वह पिछले 3-4 साल से जगतपुरा में रहता है। उसके पास से मिली पिस्टल को वह कहीं बेचने की फ़िराक में था, लेकिन उससे पहले वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह अवैध हथियार कहां से और क्यों लाया।

तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर, (कासं)। राजधानी की करणी विहार थाना पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया हैं। इस मामले में एक बालअपचारी को भी निरूद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की बाइक व लोडिंग वाहन बरामद किया है।

डीसीपी वेस्ट ऋचा तोमर ने बताया कि 25 जून को हीरा नगर विस्तार दो सौ फीट बाईपास अजमेर रोड निवासी सौरभ मित्तल ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। उसने अपनी गाड़ी अशोक लीलैंड को 24 जून को घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह 6 बजे देखी तो वह गायब थी। मामला दर्ज करने के बाद एडिशनल डीसीपी रामसिंह, एसीपी आलोक कुमार, थानाधिकारी जयसिंह बसेरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। मुहाना मंडी जयपुर तक के विभिन्न संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज भी चैक किए। फुटेज के आधार पर वाहन चोर अभिताभ उर्फ रामकेश और कमलेश बागरिया को प्राइवेट वाहन से पीछा कर चोरी किए गए वाहन सहित दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिताभ उर्फ रामकेश गांव खेड़ा बालाजी थाना रेनवाल मांझी, कमलेश बागरियों की ढाणी डाबला रोड के पास मुहाना और राजकुमार सीकर रोड कालुन्दा की ढाणी हरमाड़ा का रहने वाला हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह बाइक से कॉलोनियों में घूमते हुए रैकी करते है और मौका मिलते ही वाहन चोरी कर लेते हैं। वाहन चोरी करने के बाद पुलिस से बचने के लिए वह उसे शादी समारोह के बाहर खड़ा कर देते है जिससे कोई इन पर शक नहीं करे। इसके बाद यह लोग वाहन लेकर चले जाते है और ग्राहक को तलाश कर वाहन को सस्ते दामों में बेच देते हैं।

- **आरोपियों के कब्जे से बाइक और लोडिंग वाहन जब्त किया**
- **वाहन चुराने के बाद शादी समारोह स्थल के बाहर खड़ा कर देते थे**

फर्जी ई-चालान बनाकर सरकार को करोड़ों रु. की राजस्व हानि पहुंचाने वाला गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। पुलिस ने फर्जी ई-चालान बनाकर विक्रय पत्र पंजीयन करवाकर सरकार को करोड़ों रुपयों की राजस्व हानि पहुंचाने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार किया है।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि जयपुर शहर के विभिन्न उप पंजीयक कार्यालयों में कूटरचित ई-चालान के जरिये विक्रय पत्र पंजीयन कराकर सरकार को करोड़ों रुपयों की राजस्व हानि पहुंचाने के संबंध में दर्ज मुकदमे में विशेष अनुसंधान दल द्वारा 26 वर्षीय सुनील चौधरी निवासी ग्राम जोतड़ावाला सांगानेर को गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच में सामने आया कि उप पंजीयक जयपुर दशम के कार्यालय में 227 दस्तावेजों में, पंजीयक जयपुर द्वितीय में 105 दस्तावेजों में, उप पंजीयक पंचम में 135 दस्तावेजों में तथा पंजीयक अष्टम में भी कूटरचित ई-ग्रास चालान का उपयोग हुआ है। इस प्रकार 543 लोगों से लगभग 10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई हैं। पुलिस अब तक 17 अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजयपाल लाम्बा ने बताया कि फर्जी ई-चालान से विक्रय पत्र पंजीयन होने की जानकारी सब रजिस्ट्रार कार्यालय केअधिकारियों को होने पर उन्होंने संबंधित क्रेता पक्षों को नोटिस जारी कर राशि मय 12 प्रतिशत ब्याज के जमा कराने के लिए सूचित किया। चूंकि क्रेता पक्षों ने डीड राइटर, ई-मित्र संचालक, स्टाम्प वेंडर द्वारा बनाकर दिये ई-चालान की सम्पूर्ण राशि नकद या बैंक ट्रांसफर के जरिये डीड राइटर, ई-मित्र संचालक, स्टाम्प वैंडर को अदा कर दी थी। क्रेता पक्षों ने स्वयं के साथ हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट बनीपार्क थाने में दर्ज कराई थी। तब डीड राइटर, ई-मित्र संचालक, स्टाम्प वैंडर व उनके सहयोगियों द्वारा लोगों से रकम वसूलकर फर्जी ई-चालान की धोखाधड़ी की वारदातें सामने आई।

मौजी कॉलोनी में आवासीय भूखंड़ पर बने कार शोरूम पर जेडीए प्रशासन की मेहरबानी बरकरार

जेडीए ट्रिब्यूनल और लोकायुक्त में मामला विचाराधीन, फिर भी भूखंड़ का मिश्रित भू-उपयोग पट्टा दे दिया

जयपुर। मालवीय नगर की मौजी कॉलोनी में आवासीय भूखंड़ 49-50 पर बने कार शोरूम पर जेडीए प्रशासन मेहरबान है। जेडीए ट्रिब्यूनल और लोकायुक्त में भू-उपयोग को लेकर मामला विचाराधीन है, इसके बावजूद जेडीए के अफसरों ने भूखंड़ मालिक को आवासीय के बजाय मिश्रित भू-उपयोग का पट्टा दे दिया। जबकि जेडीए ट्रिब्यूनल ने नोटिस थमा रखे हैं, इस पर सोमवार को सुनवाई भी हुई थी। इसके बावजूद जेडीए के अफसरों ने ट्रिब्यूनल और लोकायुक्त का फैसला आने तक का इंतजार नहीं किया।

सूत्रों के मुताबिक मालवीय नगर की मौजी कॉलोनी पूर्णत: आवासीय है, इसके बावजूद यहां प्लॉट नंबर 49-50 का आवासीय पट्टा लेकर भी भूखंड़ मालिक ने 3 मंजिला कार शोरूम खोल रखा है। भूखंड मालिक ने आवासीय परिसर दिखा कर जेडीए से लीजडीड ले ली। बाद में यहां व्यावसायिक पट्टा ले लिया। इस पर स्थानीय निवासी डॉक्टर राजीव पाटनी ने जेडीए प्रशासन के साथ-साथ लोकायुक्त और ट्रिब्यूनल में भी आपत्ति दर्ज कराई। इसमें बताया गया है कि भूखंड संख्या 49-50 का जयपुर विकास प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड दर्शाते हुए लीज डीड जारी की है। इसका अनुमोदित मानचित्र भी आवासीय जारी किया हुआ है। वर्तमान में इस भवन का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। भूखंड मालिक ने यहां शोरुम खोल दिया है। इन दोनों भूखंडों का पुनर्गठन भी गलत तरीके से किया गया है। ऐसे में अगर किसी भूखंड़ का पहले आवासीय पट्आ दिया हुआ है तो उसका भू-उपयोग परिवर्तन नहीं किया जा सकता।गुलाब कोठारी की जनहित याचिका में हाईकोर्ट ने भू-उपयोग परिवर्तन पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी गत दिनों जेडीए की उच्चाधिकार कमेटी ने इन दोनों भूखंड़ों का भू उपयोग बदलने को मंजूरी दे दी है। आपत्तिकर्ता का कहना है कि आवासीय कॉलोनी में किसी भी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं की जा सकती। यहां शोरुम खुलने से ही सुबह-शाम के समय ट्रेफिक जाम की स्थिति रहती है। दिनभर गाड़ियों के शोरुम में वाहन रिपेयरिंग के लिए आते हैं, इससे इलाके की शांतिभंग है। कार शोरूम को ध्वस्त होने से बचाने के लिए भूखंड़ मालिक ने सिविल कोर्ट से स्थगन आदेश भी ले रखा है।

दूसरी तरफ जेडीए जोन-1 के उपायुक्त सुरेन्द्र यादव का कहना है कि इस मामले में आपत्तियां आई थी, जिसे गुणावगुण के आधार पर खारिज कर दिया गया है। इसके बाद जेडीए की उच्चाधिकार कमेटी ने तमाम पहलुओं पर विचार करके और तथ्यों को देखकर आवासीय भू-उपयोग बदलकर मिश्रित किया है। ट्रिब्यूनल से इस मामले में नोटिस मिले थे, जिसका जवाब दे दिया जाएगा।

- **जबकि जेडीए ट्रिब्यूनल ने नोटिस जारी कर रखे हैं, सुनवाई भी नियमित हो रही; लेकिन अफसरों ने कोर्ट का फैसले आने तक का इंतजार नहीं किया**

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर 7वीं की छात्रा से दुष्कर्म

जयपुर। जयपुर में 7वीं कक्षा की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर रेप का मामला सामने आया है। वहीं, रिश्ते में नाना लगने वाले एक युवक ने भी रेप किया। इससे 13 साल की बच्ची प्रेग्नेंट हो गई। रविवार को बच्ची की तबीयत खराब हुई तो परिवार को पता चला की बेटी 3 महीने की प्रेग्नेंट है। इस पर भांकरोटा थाने में रेप का मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने बताया कि सिरसी रोडभांकरोटा निवासी एक महिला ने रविवार रात रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी 13 साल की बेटी 7वीं क्लास में पढ़ती है। सालभर पहले इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती हेमंत राठौड़ व रोहन मीणा से हुई थी। उन्होंने मोबाइल नंबर भी एक्सचेंज कर लिए और बातचीत करने लगे। आरोप है कि हेमंत और रोहन 15 मार्च को घर आए थे और उन्होंने रेप किया था। रिश्ते में लगने वाले नाना ने भी होली पर घर पर ही रेप किया था। इस पर पीड़ितों ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

सार-समाचार

मुनि अनुकरण सागर का हुआ केसलोच

जयपुर, (कासं)। शहर के झोटवाड़ा स्थित चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान आचार्य अभिनंदन सागर महाराज के शिष्य मुनि अनुकरण सागर महाराज का सोमवार को केसलोच सम्पन्न हुआ। इस दौरान मुनि अनुकरण सागर महाराज और मुनि स्वयंभू सागर महाराज का पीछी परिवर्तन कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि झोटवाड़ा दिगम्बर जैन मंदिर के प्रांगण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका ब्रह्मचारी शुभम भैया के निर्देशन में किया गया। इस दौरान सर्व प्रथम चित्र अनावरण, दीप प्रवज्जलन और मंगलाचरण सम्पन्न हुए। इसके उपरांत मुनि श्री का पाद प्रक्षालन किये गए और श्रद्धा-भक्ति के साथ गुरु पूजन किया गया और अंत मे पीछी परिवर्तन की क्रिया विधि सम्पन्न हुई। इससे पूर्व प्रात: कालीन सत्र में मुनि अनुकरण सागर महाराज ने केसलोच सम्पन्न किये, जिसके लिए प्रत्येक दिगम्बर जैन साधु ना कोई उस्तरा इस्तेमाल करते है ना कोई ब्लेड का इस्तेमाल करते है। सभी जैन साधु अपने हाथों से अपने एक-एक केस का लोचन करते है।

स्वास्थ्य सैनिकों का हुआ सम्मान

जयपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जयपुर सांसद रामचरण बोहरा द्वारा तक्षशिला ऑडिटोरियम में राजस्थान प्राईवेट नर्सेज एसोसिएशन एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वास्थ्य सैनिकों का सम्मान किया गया। आयोजन समिति के सदस्य एवं राजस्थान प्राइवेट नर्सेज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स , फार्मासिस्ट , लैब-टेक्नीशियन एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने डॉ. अंचिन कालरा, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर रमेश सैनी, देवेन्द्र पन्त, विनिता शेखावत, ब्लड-बैंक इंचार्ज महेश सैनी, राश्मिराज व्यास, मनोज दुब्बी व सोमसिंह मीणा आदि को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानवीय सेवाओं के लिए इन सभी स्वास्थ्य सैनिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसका समाज सदैव ऋणी रहेगा।

सुंदर लेखन की शैली सिखाई

जयपुर, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में सिटी पैलेस में तीन दिवसीय सुंदर लेखन का वर्कशॉप शुरू किया गया है जिसमें अशोक वर्धन जी और अशोक जी शर्मा के निर्देशन में चित्रकार को सुंदर लेखन सिखाया गया, जिसमें कलम और मॉडर्न पेन के माध्यम से लेखन सिखाया गया। इसके माध्यम से बच्चों को यह समझाया गया कि सुंदर लेखन की महत्वता क्यों है रामू रामदेव ने बताया कि सुंदर चित्र बनाने के साथ में चित्रों में प्रसंग भी लिखे जाते हैं दोहे, चोपाई, श्लोक, लिखे जाते हैं। उसके लिए सुंदर लेखन का अभ्यास भी जरूरी है तीन दिवसीय इस वर्कशॉप में 50 से अधिक बच्चों ने पार्टिसिपेट किया और अपने सुंदर लेखन का अभ्यास शुरू किया।

सेवानिवृत कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

जयपुर, (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त कर्मचारी एसोसिएशन ने सांसद रामचरण बोहरा की गैर मौजूदगी में उनके पी.ए. चन्द्रप्रकाश शर्मा को ज्ञापन दिया, जल्द ही समय लेकर मुलाक़ात भी की जाएगी। सोमवार को धरने के 29 वें दिन धरने का नेवृत्व शेर सिंह विष्ट ने किया एसोसिएशन के महामंत्री हनुमान सहाय शर्मा ने उन्हें माला पहनाकर उनका स्वागत किया। भीषण गर्मी और उमस के कारण धरने पर बैठे सीपी बवेजा, छत्रपाल सिंह तथा शेर सिंह बिष्ट की अचानक तबीयत खराब हो जाने की वजह से विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. श्याम मित्तल को धरना स्थल पर बुलाना पड़ा। उन्होंने जांच करके बताया कि गर्मी के कारण इनको चक्कर आ गए और तबीयत खराब हो गई। एसोसिएशन के द्वारा पाबंदी खत्म करने की मांग पर मीडियाकर्मियों से कर्मचारियों के बात नहीं करने के आदेश को कुलसचिव ने निरस्त किया, इसके लिए एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहम्मद मुस्तफा ने कुलसचिव को धन्यवाद ज्ञापन किया।

नितिन गुप्ता चेयरमैन नियुक्त

जयपुर, (कासं)। एमएनआईटी जयपुर के बैच 1979-1984 सिविल ब्रांच के गोल्ड मेडलिस्ट एल्यूमिनी एवं भारतीय रेवेन्यू सेवा के 1986 बैच के अधिकारी, जयपुर निवासी नितिन गुप्ता को केंद्रीय बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स, भारत सरकार में चेयरमैन के पद पर नियुक्त किया गया है। यह एमएनआईटी परिवार के लिए गर्व की बात है। एमएनआईटी जयपुर एल्यूमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष, इंजी. देवराज सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान के अन्य एल्यूमिनी भी भारत सरकार में विभिन्य महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे है जिनमें सतीश कुमार अग्रवाल, प्रिंसिपल डायरेक्टर जनरल, सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडाइरेक्ट टैक्स एन्ड कस्टम एवं संजय अरोड़ा डायरेक्टर जनरल आई.टी.बी.पी. प्रमुख है।

कुलाधिपति का आभार जताया

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के आजीवन सीनेट सदस्य डॉ अखिल शुक्ला एडवोकेट ने राजस्थान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा जारी शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को मीडिया से बात करने पर रोक लगाने वाले काले आदेश को वापिस करवाने के लिए कुलाधिपति का आभार व्यक्त किया है। डॉ शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया व सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम है। प्रत्येक नागरिक को अपने सद विचारों को अभिव्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता। संवाद की महत्ता को समझते हुए रोकने के आदेश को कुलपति द्वारा विड्रॉ करवाने में कुलाधिपति की भूमिका की सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। रोकने के आदेश के विड्रॉ होने के बाद से विश्वविद्यालय में सभी वर्गों में खुशी का वातावरण दिखाई दे रहा है।